## खबर संक्षेप

### आज शहर में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

**सोनीपत।** बिजली विभाग ने सूचना जारी कर बताया है कि मंगलवार को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक (6 घंटे) के लिए 11 केवी प्रगति नगर फीडर पर शटडाउन रहेगा। यह शटडाउन न्यू फीडर की लाइन के पोल और केबल लगाने के कार्य के चलते लिया जा रहा है। शटडाउन के दौरान प्रगति नगर, छोटू राम कॉलोनी, मालिक कॉलोनी और अशोक विहार गली नंबर 7 क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान सावधानी बरतें और आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि काम पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से पुनः चालू कर दिया जाएगा।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** सदर थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गांव गामड़ी के निगम को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। क्राइम यूनिट गोहाना की टीम गश्त कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि गांव गामड़ी का निगम अवैध हथियार लेकर गोहाना बाईपास से न्यात की तरफ जाने वाले रास्ते पर आएगा। पुलिस ने उसे काबू कर लिया। उससे देशी पिस्तौल व कारतूस बरामद किया।

### रंजिश के चलते बुजुर्ग से मारपीट, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव कटवाल में रंजिश के चलते बुजुर्ग महाबीर से मारपीट की गई। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उसकी शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। महाबीर ने बताया कि वह खेती करता है। उनके परिवार के व्यक्ति उससे रंजिश रखते हैं और खेत के खाल व रास्ते को लेकर झगड़ा करते हैं। वह पत्नी के साथ खेत में गया था, जहां पर उससे मारपीट की गई। आरोपितों ने उसे धमकी भी दी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव मुंडलाना में बस स्टैंड के निकट महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन उसे अस्पताल लेकर गए। गांव मुंडलाना की सुशीला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। सुशील ने बताया कि वह अपनी बेटी किरण को गांव के बस स्टैंड पर छोड़ने के लिए गई थी। बेटी को गोहाना जाना था। इस दौरान पानीपत की तरफ से एक व्यक्ति तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हुए लाया और उसे टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

# दिल्ली ब्लास्ट : हाई अलर्ट पर सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली के लालकिले पर हुए ब्लास्ट के बाद हरियाणा में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिला सोनीपत में पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर चौकसी बढ़ा दी है। दिल्ली-सोनीपत कुंडली बॉर्डर पर नेशनल हाईवे-44 पर वाहनों की गहन चेकिंग के लिए विशेष नाका लगाया गया है। दिल्ली से आने-जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है।सोनीपत पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सोनीपत शहर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।कुंडली बॉर्डर पर थाना प्रभारी सेठी मलिक की अगुवाई में पुलिस बल तैनात है, जो दिल्ली से आने वाले प्रत्येक वाहन की बारीकी से जांच कर रहा है।

**पुलिस आयुक्त ने मोर्चा संभाला**

- दिल्ली-सोनीपत कुंडली बॉर्डर पर नेशनल हाईवे-44 पर वाहनों की गहन चेकिंग के लिए विशेष नाका लगा
- पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया








### पुलिस ने होटल व रेस्ट हाउस खंगाले

इसके अलावा, जिलेभर के होटलों और रेस्ट हाउसों की भी तलाशी ली जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तुरंत निगरानी रखी जा सके।पुलिस आयुक्त ने कहा कि जनता से भी अपील की गई है कि वे शांति बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## एसएमओ की सीधी भर्ती के निर्णय पर चिकित्सकों में रोष

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती के निर्णय का चिकित्सक समुदाय ने विरोध शुरू कर दिया है। चिकित्सक समिति के जिला प्रधान ने सोमवार को मुख्यालय पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। जिला प्रधान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय की ओर से पहले आश्वासन दिया गया था कि एसएमओ की नियुक्ति विभागीय पदोन्नति के आधार पर की जाएगी, लेकिन अब हाल ही में निदेशालय की बैठक में 160 एसएमओ पदों पर सीधी भर्ती करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से विभाग में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर (एमओ) और अन्य चिकित्सकों में गहरा असंतोष है। उन्होंने कहा कि सीधी भर्ती से मौजूद एमओ का प्रमोशन रुक जाएगा, जिससे उनका मनोबल प्रभावित होगा। निर्णय के विरोध में जिले के सभी चिकित्सक मंगलवार को काले बिल्ले लगाकर कार्य करेंगे।

- आज काले बिल्ले लगाकर करेंगे विरोध

## नियमों का पालन न करने पर 102 स्कूली वाहनों के चालान

**सोनीपत।** जिले में यातायात पुलिस ने सुरक्षित स्कूल वाहन अभियान के तहत एक सप्ताह के भीतर 102 स्कूली वाहनों के चालान किए हैं। यह कार्रवाई स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिवहन नियमों को सख्त पालन कराने के उद्देश्य से की गई है। अभियान के दौरान यातायात पुलिस और संबंधित थानों की टीमों ने जिलेभर में चल रही स्कूल बसों, वैनों और अन्य परिवहन वाहनों की गहन जांच की। जांच में वाहनों की फिटनेस, ओवरलोडिंग, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर, आपातकालीन निकास और अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। यातायात पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादियान ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान चालकों के वैध लाइसेंस, यूनिफॉर्म और सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया गया। स्कूल बस संचालकों व स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि वे सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के सभी नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शहर की हवा फिर हुई जहरीली, एक्यूआई 319 पहुंचा

# ग्रैप-2 के बावजूद हालात बेकाबू, प्रदूषण से आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में हवा एक बार फिर से जहरीली हो गई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 319 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। सुबह से ही वातावरण में धुंध और धूल की मोटी परत छाई रही, जिससे दृश्यता प्रभावित रही और सांस लेने में परेशानी बढ़ गई। हवा की रफ्तार बेहद धीमी रहने और आसमान पर बादलों की मौजूदगी के कारण प्रदूषक कण फैल नहीं सके, जिससे वातावरण में विषाक्तता का स्तर लगातार बढ़ता गया।दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए पहले से ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) लागू किया गया है। इसके तहत निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव, मलबे का ढकाव, और वाहनों की प्रदूषण जांच जैसे कई कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसके बावजूद सोमवार को दोपहर में सोनीपत का एक्यूआई 319 तक पहुंच गया। दिनभर हवा की गति मात्र 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे प्रदूषण स्तर में कोई सुधार नहीं हो पाया। शाम के समय वायु गुणवत्ता मापक यंत्रों के बंद हो जाने से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिन का आधिकारिक बुलेटिन जारी नहीं कर सका, जिसके कारण शहर की वास्तविक वायु स्थिति को लेकर असमंजस बना रहा। शहर के कई हिस्सों में धूल, वाहन उत्सर्जन और खेतों में पराली जलाने का असर स्पष्ट रूप से देखा गया। सड़कों पर उड़ी धूल और वाहनों से निकलता धुआं नागरिकों की परेशानी का कारण बना हुआ है। कई लोगों ने आंखों में जलन और गले में खराश की शिकायत की। चिकित्सकों के अनुसार यह स्तर अस्थमा के मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए अत्यंत खतरनाक है।

- दिनभर हवा की गति मात्र 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे प्रदूषण स्तर में कोई सुधार नहीं हो पाया



### भूमि की सतह पर जम गए प्रदूषक कण

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी हवाएं बह रही हैं और तापमान में गिरावट के कारण प्रदूषक कण जमीन की सतह पर जम गए हैं। ऐसी स्थिति में नागरिकों को सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग सुबह के समय व्यायाम से परहेज करें, घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें और खुले में कूड़ा या लकड़ी न जलाएं, क्योंकि इससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है।

#### ठंड में हो रही वृद्धि

*मौसम विभाग के अनुसार, मौसम में परिवर्तन का दौर जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर आसमान में हल्के बादल छाए रहे और हवा की गति लगभग 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। ठंड में वृद्धि के साथ-साथ वायु प्रदूषण का असर और गंभीर होने की संभावना जताई जा रही है।*

#### सुबह-शाम घर से बाहर न निकलें बच्चे, बुजुर्ग और सांस के रोगी

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि बच्चे, बुजुर्ग और श्वसन रोगों से पीड़ित लोग सुबह-शाम के समय बाहर निकलने से बचें। आंखों में जलन, खांसी या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। नागरिक अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.एस. पूनिया ने बताया कि प्रदूषण के कारण सांस संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस मौसम में ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि ठंडे तापमान में शरीर के अंदर पहुंचे प्रदूषक कण जम सकते हैं, जिससे फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है।

#### हवा की गति तेज होने से राहत मिल सकती है

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी डॉ. प्रेमदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ा है। लोगों को हिदायत बरतने की सलाह दी जा रही है। हवा की गति बढने पर वातावरण साफ हो सकता है। अभी गति कम है और नमी अधिक है। ऐसे में प्रदूषण का फैलाव नहीं हो पा रहा।

## पराली जलाने पर दो किसानों पर 5-5 हजार रुपये जुर्माना

**गोहाना।** कृषि विभाग को सैटेलाइट से एक ही दिन में गोहाना क्षेत्र की सात लोकेशन पर आगजनी की सूचना मिली, जिसके बाद विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और भौतिक सत्यापन किया। जांच में भावड़ और भादौठी खास में खेतों में जली हुई पराली मिली, जबकि पांच स्थानों पर आगजनी के प्रमाण नहीं मिले। कृषि विभाग ने संबंधित किसानों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। साथ ही किसानों के नाम रेड इंट्री के रूप में पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे, जिसके चलते वह अगले दो वर्ष तक अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं बेच सकेंगे। जिले में फिलहाल धान की किस्म 1121, 1718 और 1885 की कटाई जोरों पर है, जबकि गेहूं की बिजाई भी तेजी से शुरू हो चुकी है। ऐसे में कुछ किसान खेत खाली करने के लिए फसल अवशेषों को जलाना शुरू कर देते हैं, जिससे न केवल वायु प्रदूषण और भूमि प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

- भावड़ और भादौटी खास में दो किसानों ने जलाई धान की पराली

### धरपकड़ करने में जुटी टीम

गोहाना में सात स्थानों पर आगजनी की लोकेशन मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। सुपरवाइजर सुमित व मीनाक्षी मेहरा की टीम ने भावड़ और भादौठी खास के खेतों में पराली में आगजनी मिली। दोनों किसानों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना किया गया। मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

## झपटामार गिरोह के तीन सदस्य पकड़े, एक नाबालिग भी काबू




**सोनीपत।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा गया है। एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया गया है। रविवार को एक महिला ने थाना सेक्टर 27 सोनीपत में शिकायत दी कि वह दरिया राम अस्पताल से पैदल अपने घर जा रहीं थी। जब वह शांति ज्ञान गार्डन के पास पहुंची तो पीछे से बाइक पर कुछ लड़के आए और उनका फोन छीन कर भाग गए। शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों सूरज उर्फ बूटा निवासी आदर्श नगर व सौरव निवासी गांव ठरू उल्देपुर को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी सौरव से घटना में छीना गया मोबाइल बरामद किया गया है। नाबालिग को बाल न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार बाल सुधार गृह मधुबन रखा गया व गिरफ्तार दोनों आरोपियों को मंगलवार न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसी तरह शनिवार एक महिला ने थाना सेक्टर 27 में शिकायत दी कि वह हॉस्पिटल से अपनी ड्यूटी खत्म करके पैदल-पैदल अपने घर जा रही थीं। जब वह जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के पास पहुंची तो अपने हाथ में एक थैला लिए हुए थी जिसमे उनका फोन था। बाइक पर सवार बदमाश झपट्टा मारकर थैला ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इस मामले में अंशु निवासी शहर को गिरफ्तार किया है।

## सुरेंद्र आंतिल बने एल्डिको काउंटी आरडब्ल्यूए के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सेक्टर 19 एल्डिको काउंटी आरडब्ल्यूए एसोसिएशन के चुनाव में सुरेंद्र आंतिल ने अपने निकटतम प्रत्याशी सतेंद्र मान को 7 वोटों से हराकर प्रधान चुने गए। सुरेंद्र आंतिल को 183 वोट और सत्येंद्र मान को 176 वोट मिले। वही तीसरी प्रत्याशी बबीता दहिया को 17 वोट हासिल हुए। उपप्रधान पद के लिए संजय आहूजा ने 140 वोट लेकर अशोक वत्स को 9 वोट से हरा दिया। अशोक को 131 वोट मिली। इसी पद के लिए कमला सांगवान 103 वोट लेकर तीसरे नंबर पर रही। महासचिव पद के लिए योगेश डूडेजा ने 163 वोट प्रमोद को 31 वोट से हरा कर जीत हासिल की। प्रमोद को 132 वोट मिली। जबकि अजीत आंतिल को 77 वोट मिली। सहसचिव पद के लिए अखिल अरोड़ा ने 207 वोट हासिल कर बालस्वरूप कौशिक को 43 वोट से हरा दिया। बालस्वरूप कौशिक को 164 वोट मिली।खजांची पद के लिए विष्णु दत्त ने 192 वोट लेकर सुरेंद्र कुमार को 9 वोट से शिकस्त दी। सुरेंद्र कुमार को 183 वोट हासिल हुए। एक्सक्यूटिव मेंबर में सविंदर आहूजा ने 187 वोट लेकर जीत हासिल की।

### पार्षदों ने ठेकेदार व कर्मचारियों पर आरोप जड़े

# खरखौदा नपा की बैठक में हंगामा, पार्षदों ने किया बहिष्कार, कमिशनखोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नगर पालिका खरखौदा की हाउस की बैठक चेयरमैन हीरालाल की अध्यक्षता में हुई। इस बीच कई पार्षदों ने संबंधित वार्ड में विकास कार्य न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए बैठक का बहिष्कार किया। पार्षद नवीन दहिया व मनोनीत पार्षद ममता सैनी ने कहा कि सभी वार्डों में इसलिए कार्य नहीं हो रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों और कर्मचारियों के बीच कमिशन का खेल खेला जा रहा है। विशेषकर सफाई व्यवस्था काफी झोल हैं। कई वार्डों में अनावश्यक रूप से गालियों को उखाड़ा गया है और उन्हें यों ही छोड़ दिया गया है। पार्षदों का मानना है कि नगर पालिका कार्यालय में बाहरी लोगों हस्ताक्षेप के कारण शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।



#### हाउस में इन मुद्दों पर चर्चा

*सीताराम सैनी का कहना था कि ब्राह्मण दरवाजे के पास जो मुख्य गली के बीच में पुलिया बनाई गई है उसे बंद किया जाए और सीधा नाला निकाल कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। अन्य पार्षदों ने उनकी बात का समर्थन किया। पार्षद सीमा देवी ने कहा कि उनके वार्ड में किए जाने वाले सभी कार्यों की जानकारी उन्हें मिलनी चाहिए। पार्षद सोमवती ने कहा कि उनके वार्ड पक्का बाग में काफी गलियों का स्तर मुख्य गली से काफी नीचा है, उसका तल समतल किया जाना चाहिए।*

#### सांपला बाईपास पर जल रहा कूड़ा

पार्षद अनूप ने कहा कि सांपला बाईपास पर कूड़ा डाला जा रहा है और उसमें आग लगाई जा रही है। जिससे शहर में प्रदूषण काफी बढ़ गया है। चेयरमैन हीरालाल ने कहा कि शहरवासियों को पार्षदों से काफी उम्मीदें हैं। जबकि पालिका से संबंधित अधिकारी, ठेकेदार व कर्मचारी असहयोगात्मक रूख आपनाए हुए हैं। नगर पालिका सचिव मनीष रेढू ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि ब्राह्मण दरवाजे के पास जो बीच में पुलिया है उसे बंद करके जल्द ही सीधा नाला निकाला जाएगा।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल, दो पीजीआई रोहतक रेफर

**सोनीपत।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है। पहली घटना सेक्टर-7 के पास हुई, जहां दो वाहनों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। दूसरी घटना केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुई, जहां एक युवक हादसे में घायल हो गया। युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर रोहतक पीजीआई भेज दिया गया। तीसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर जाट जोशी के पास हुई, जहां एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी हादसों के कारणों की जांच की जा रही है और संबंधित वाहन चालकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। मामले की जांच चल रही है।

# मुख्यमंत्री 14 को सोनीपत से करेंगे सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रदेश में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। सहकारिता सप्ताह की शुरुआत पर 14 नवम्बर को राज्य स्तरीय समारोह सोनीपत में होगा, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे, जबकि सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण करने, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा और स्वागत प्रबंधों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश की सभी 8 सहकारिता संस्थाएं भाग लेंगी। इन संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर कॉपरेटिव सोसायटिज हरियाणा के रजिस्ट्रार अमरदीप, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, नगराधीश डॉ. अनमोल सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। तैयारियों को लेकर बैठक लेते उपायुक्त।

हरिभूमि

# सहेली

विशेष: बाल दिवस, 14 नवंबर



बच्चा है तो वह मासूम, भोला-भाला होगा ही, बड़ी स्वाभाविक सी बात है। लेकिन इस नए दौर में बच्चे अपनी मासूमियत खो रहे हैं, उनकी बाल सुलभ सहजता लुप्त हो रही है, इसके कुछ नकारात्मक परिणाम बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर पड़ रहे हैं। जरूरी है अभिभावक इन्हें जानें-समझें और बच्चे की मासूमियत खोने ना दें, उनका नैसर्गिक विकास हो।

## बच्चों की खोती मासूमियत कैसे सहेजें हम

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चे, अब बच्चों जैसे नहीं रहे। बालमन की मासूमियत गुम हो रही है। अब तो बच्चों के खेल-खिलौने ही बदल गए हैं। कैसी भाषा बोलने लगे हैं, आजकल के बच्चे? अब तो घर के छुटके सदस्य किसी की सुनते ही नहीं। ऐसी बातें घर-घर का किस्सा हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चों के अभिभावक, चिंतित भी हैं और चकित भी। कभी आने वाले कल से जुड़े भय के चलते तो कभी आज की उलझनों के कारण, बच्चों के बदलते बर्ताव की चर्चा हर ओर हो रही है।






### समझना होगा बच्चों के मन का हाल

वक्त के साथ लाइफस्टाइल से लेकर तकनीक के इस्तेमाल तक, हर चीज में बदलाव आएगा ही। इन बदलावों संग ही सकारात्मक परवरिश की राह निकालनी होगी। अभिभावक को बच्चों के मन का हाल समझना होगा। उनके व्यवहार पर गौर करते हुए सोच की बदलती दिशा की थाह लेनी होगी। समय के साथ सधी कदमताल ही बचपन की मासूमियत सहेज सकती है। साथ ही नई पीढ़ी को अपडेट रखने के लिए भी एक संतुलित रास्ता चुनना आवश्यक है। बच्चों के लिए तो सब कुछ नया-सा होता है। स्कूल जाने पर सीखने-पढ़ने की नई खिड़की खुलती है। आस-पड़ोस का मेलजोल, घर के बाहर लोगों के व्यवहार से जुड़े अच्छे-बुरे तौर-तरीकों से मिलवाता है। ऐसे में बच्चे कभी कुछ जान-बूझकर सीखते हैं तो कभी अनजाने ही किसी के बर्ताव को दोहराने लगते हैं। बावजूद इसके बच्चों को अपने परिवेश से दूर नहीं रखा जा सकता। खेलकूद या मेलजोल पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। ऐसे में अभिभावक को ठहराव के साथ उनका हाथ थामना होगा। समय के साथ आ रहे बदलावों के प्रति 'सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय' का भाव शुरुआती पड़ाव पर ही उनके मन में भरना होगा। ध्यान रहे कि हर परिस्थिति को लेकर शिकायत करना इंसान को सीमाओं में बांधता है। इसीलिए मौजूदा दौर में अभिभावक को एक बैलेंस बनाना होगा। जीवन की डगर पर बच्चों का हाथ थामकर एक सधी कदमताल करनी होगी। बालमन को नकारात्मकता से बचाने के लिए समझाइश देनी होगी। बच्चों के मन में सकारात्मक बातों-बर्ताव को अपनाने वाली खुली सोच को पोसना होगा।

### सकारात्मक जुड़ाव ही है हल

संपर्क में आने वाले लोग हों या इस्तेमाल की जा रही सुविधाएं। बच्चे, सही या गलत का फर्क नहीं कर सकते। उनका मासूम मन लाभ या हानि का गणित नहीं समझता। हालिया वर्षों में तकनीक द्वारा बालमन का दिशाहीन होना एक बड़ी चिंता बन गया है। अभिभावक बच्चों को टेक्निकल गैजेट्स का सही इस्तेमाल करना सिखाएं। साथ ही खुद भी स्क्रीन के संसार में खोने के बजाय इस मामले में अनुशासन बरतें। स्पेन की यूनिवर्सिटी नेब्रिजा में हुए एक अध्ययन के मुताबिक स्क्रीन टाइम बच्चों के लिए नुकसानदेह और फायदेमंद दोनों साबित हो सकता है। यह अध्ययन कहता है कि स्क्रीन के बहुत अधिक और अनियंत्रित इस्तेमाल से बच्चों का फोकस कम होता है। बच्चों के भाषा सीखने और भावनात्मक विकास में बाधा आ सकती है। नेब्रिजा यूनिवर्सिटी का यह अध्ययन बताता है कि अगर स्क्रीन का उपयोग, एजुकेशनल कंटेंट और परिवार के साथ इंटरैक्शन के लिए किया जाए तो बच्चों के दिमागी विकास, ध्यान और भाषा में सुधार कर सकता है। यही बात खेल, सामाजिक मेल-मिलाप, खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी दूसरी आदतों पर भी लागू होती है। बच्चे जो भी करें, उस फील्ड से जुड़े लोगों से ही नहीं, उस एक्टिविटी से भी एक पॉजिटिव कनेक्ट रखना सिखाएं।



### सभी की भूमिका अहम

क्या सिर्फ बच्चे ही बदले हैं? अनुशासनहीनता और आक्रोश ने केवल बालमन को ही नहीं घेरा है, घर में बड़ों की बात सुनने-समझने में कोताही करने वाले केवल बच्चे ही तो नहीं? ऐसे बहुत से सवालों को लेकर अभिभावकों को गंभीरता से सोचना होगा। इन बातों-हालातों पर गहराई से सोचे बिना बच्चों की मासूमियत को नहीं सहेजा जा सकता। बच्चों के बचपन का गुम होना, बड़ों के बदलते जीवन पर भी प्रश्न उठाता है। बालमन का भ्रमित होना बड़ों की प्राथमिकताओं से उनके गायब हो जाने की भी बानगी है। घर से छुटके सदस्यों का चुप्पी चुन लेना, बड़ों से संवाद कम होने का भी नतीजा है। कहीं काम-काजी आपा-धापी में फंसे पैरेंट्स कुछ कहने से पहले ही बच्चों को जज कर रहे हैं तो कहीं मम्मी-पापा के रिश्ते में आते अलगाव की आंच मासूम मन को झुलसा रही है। अनगिनत सुविधाओं से घिरे बच्चे अकेले से लगते हैं। मशीनों के साथ पलते बच्चे मन के मोर्चे पर उदासी के घेरे में हैं। स्कूलों में दूसरी एक्टिविटीज के बोझ तले दबे टीचर्स, बच्चों से जुड़ाव नहीं बना पा रहे। आस-पड़ोस के दरवाजे ही नहीं, मन से जुड़ने के रास्ते भी बंद हैं। बदलावों के नाम पर बनी इस अजब-गजब दुनिया में बच्चे खोए से खड़े हैं। ऐसे में उनका साथ देने की जिम्मेदारी पैरेंट्स, टीचर्स और नेबर्स सभी की है। कहा जाता है कि 'इट टेक्स अ विलेज टू रेज अ चाइल्ड' यानी परिवार ही नहीं, पूरा परिवेश चाहिए होता है एक बच्चे को बड़ा करने के लिए। स्कूल, खेल का मैदान, ट्यूशन सेंटर या घर-आंगन, बचपन को सहेजने के लिए परवरिश की साझी जिम्मेदारी हर जगह मौजूद लोगों को है।

## ज्यादा लाड़-प्यार से बिगड़ता है बच्चों का बर्ताव

सभी पैरेंट्स अपने बच्चों को खूब दुलार करते हैं, उनकी हर इच्छा पूरी करना चाहते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा लाड़-प्यार बच्चों के बर्ताव को बिगाड़ सकता है, इसलिए सजग रहना जरूरी है।

रखें ध्यान

चैतन्या



अधिकतर पैरेंट्स अपने बच्चों को प्यार करने में कोई कमी नहीं रखना चाहते। घर के छोटे सदस्यों के प्रति यह लाड़-प्यार जरूरी भी है। प्यार-दुलार का यही व्यवहार दो पीढ़ियों के जुड़ाव को मजबूत करता है, लेकिन नेह भरा यह बर्ताव उस समय परेशानी का कारण बन जाता है, जब बच्चों की हर बात मान लेना ही प्यार जताना समझ लिया जाए। हर मामले में बच्चों के कहे मुताबिक पैरेंट्स, खुद को ढालने-बदलने लगें। समझना जरूरी है कि हद से ज्यादा लाड़-प्यार पाने के इन हालातों में बच्चे, अपने से बड़े पारिवारिक सदस्यों की बात सुनने-मानने की प्रवृत्ति भी खोने लगते हैं। इसीलिए बच्चों की परवरिश में लाड़-प्यार की भी एक सीमा आवश्यक है। शुरू से ही ऐसा ना किया जाए तो बच्चे बहुत-सी मानसिक और व्यावहारिक समस्याओं के घेरे में आने लगते हैं।

**मूड स्विंग्स का शिकार:** हद से ज्यादा प्यार मिलने से बालमन इमोशनल रेग्युलेशन नहीं सीख पाता। ऐसे बच्चे, अपनी इच्छाओं और भावनाओं के आगे पैरेंट्स के किसी तर्क या समझाइश को नहीं मानते हैं। पैरेंट्स का हद से ज्यादा प्यार पाने वाले बच्चों में मूड स्विंग्स ज्यादा होते हैं, जो जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही उन्हें दिशाहीन करने लगते हैं। ऐसे में बड़ों का भी समय रहते चेत जाना जरूरी है। मन-मुताबिक सब करने-चाहने की आदत बन जाने के बाद उनके मूड स्विंग्स को मैनेज करना मुश्किल हो जाता है। बात-बात पर बच्चों की बदलती मनःस्थिति, पैरेंट्स को सजग करने वाला पक्ष है। इस बर्ताव से उनको समझना चाहिए कि बच्चे को जरूरत से ज्यादा ही लाड़-प्यार मिल रहा है। समझाइश को मानने और मन की करने-करवाने से दूर होते बच्चों के पैरेंट्स को संतुलित परवरिश की राह चुननी चाहिए। इसीलिए शुरुआती कदम पर ही याद रखें कि लाड़-प्यार की अति, बच्चों को मूड स्विंग्स का शिकार बनाने वाली होती है।



**टीम वर्क से दूरी :** पैरेंट्स द्वारा मन-मुताबिक सब कुछ करने देने की छूट पाने वाले बच्चे, टीम वर्क नहीं कर पाते। पढ़ाई हो या सामाजिक-पारिवारिक गतिविधि, कोई प्रेशर नहीं सह पाते। हमारे परिवारों में आमतौर पर बच्चों से दुलार करने का मतलब उन्हें गलत व्यवहार से ना टोकना, बुरी भाषा बोलने से ना रोकना और जिद्दी बर्ताव करने पर सख्ती ना करने से लिया जाता है। बच्चों के हर तरह के नकारात्मक व्यवहार की यह सहज स्वीकार्यता उन्हें और आक्रामक बना देती है। समझना मुश्किल नहीं कि घर हो या स्कूल, यह आक्रामकता उनमें मिलजुल कर काम करने की सोच नहीं आने देती है। साथ ही किसी बच्चे का यह बर्ताव देख, दूसरे बच्चे भी उससे दूरी बनाने लगते हैं। पैरेंट्स के सामने की जाने वाली जिद के समान ही बच्चे घर से बाहर भी मिल-जुलकर कोई एक्टिविटी करने के बजाय अपनी बात मनवाने पर अड़ने का रुख अपनाते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को रचनाशीलता से दूर करती है। क्लास हो या खेल का मैदान, साझी गतिविधियों में अपनी ही जिद मनवाने की मानसिकता के चलते बच्चे ना तो क्रिएटिव बन पाते हैं और ना ही कुछ नया सीखने में रुचि लेते हैं।

**अशिष्ट और स्वार्थी बर्ताव:** लाड़-प्यार की अति से जुड़ी समस्याओं का खामियाजा बच्चों के पूरे व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। पैरेंट्स की हद से ज्यादा उदारता से हर बात में बहस करना, बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है। इससे उनका व्यक्तित्व ही नहीं आने वाला जीवन भी प्रभावित होता है। शुरू से ही 'न' सुनने की आदत ना डाली जाए तो एक समय के बाद माता-पिता भी बच्चों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर पाते। बच्चों को सही दिशा नहीं दिखा पाते। इसीलिए बच्चों के प्रति स्नेहपूरित दुलार के साथ एक सधापन शुरू से ही अपनाएं। a

हालांकि अब ज्यादातर घरों में बच्चे, बड़े-बूढ़ों से कहानी सुनने में रुचि नहीं लेते। जबकि कहानियां बच्चों का मनोरंजन करती हैं, उनका ज्ञान बढ़ाती हैं, उन्हें अच्छे गुणों से संस्कारित करती हैं। बच्चों को कहानी सुनाने के फायदों के बारे में जानिए।

## मनोरंजन के साथ सिखाती भी हैं कहानियां

सलाह

प्रतिभा अग्निहोत्री



कहानियां, मोबाइल और टीवी के आगमन से पहले बच्चों को जीवन के मूल्यों को सिखाने का एक सशक्त माध्यम हुआ करती थीं। रात को सोने से पहले अपनी दादी-नानी से कहानी सुनना लगभग हर बच्चे के लिए जरूरी काम हुआ करता था। इसका वे बहुत बेसब्री से इंतजार किया करते थे। लेकिन जैसे-जैसे तकनीक का विकास होता गया, वैसे-वैसे किस्से-कहानियों की सुनाया जाना कम होता गया। आज इस सबका स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। बच्चे से लेकर बड़े सभी डिजिटल दुनिया में खोए नजर आते हैं, जिससे न केवल उनकी आंखें, शरीर और मानसिक क्षमता भी प्रभावित हो रही है। बच्चों की क्रियाशीलता और रचनात्मक क्षमता खत्म होती जा रही है। बच्चों के समुचित विकास के लिए उन्हें किस्से-कहानियों से परिचित कराना बहुत जरूरी है।



**रचनात्मक प्रतिभा का विकास:** बच्चे जब किसी भी कहानी को सुनते हैं तो वे मानसिक रूप से उसमें डूब से जाते हैं। उन्हें लगता है कि मानो अमुक घटना बिल्कुल उनके सामने ही घटित हो रही है। यही नहीं कई बार वे स्वयं को ही उस घटना का पात्र भी समझने लगते हैं। सुनते समय वे कहानी के आगे आने वाले घटनाक्रम की कल्पना करने लगते हैं, इससे उनकी कल्पनाशीलता बढ़ती है, साथ ही उनकी रचनात्मक प्रतिभा का विकास भी होता है। यही रचनाशीलता आगे चलकर उनके व्यक्तित्व और उनकी शिक्षा में भी परिलक्षित होती है।

**वोकैबलरी होती है मजबूत:** कहानी सुनते समय बच्चे अनेक नए शब्दों से परिचित होते हैं। वे शब्द उनके अवचेतन मन में समा जाते हैं, जिनका अकसर बच्चे अपनी बातचीत में प्रयोग करते दिखते हैं। कहानियों से न केवल बच्चों में शब्द ज्ञान यानी वोकैबलरी बढ़ती है, वे वाक्यों को बनाना और यथोचित स्थान पर उनका प्रयोग करना भी सीखते हैं।

**बनते हैं अच्छे श्रोता:** चूंकि कहानी सुनने के दौरान बच्चा बोलता कम और सुनता अधिक है, इससे उसमें बचपन से ही अच्छे श्रोता के गुणों का विकास होने लगता है, जो भविष्य में उसके व्यक्तित्व विकास के लिए लाभकारी सिद्ध होता है।

**जीवन मूल्यों का विकास:** जब भी हम बच्चों को कोई कहानी सुनाते हैं तो उन कहानियों के पात्रों के माध्यम से उनमें जीवन मूल्यों का विकास होता है। हम सही, गलत, सच और झूठ जैसे भावों से परिचित कराते हैं, जो उम्र भर उनका साथ देते हैं।

**इतिहास-संस्कृति का ज्ञान:** बच्चों के पास आजकल अपना एकेडमिक कोर्स ही इतना अधिक होता है कि उनके पास अलग से कुछ भी पढ़ने का समय ही नहीं होता परंतु कहानियों के माध्यम से आप उन्हें अपनी संस्कृति और इतिहास से रूबरू करा सकते हैं, इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होती है।

**अध्ययन में मददगार:** कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक तो होती ही हैं, वे उनके अध्ययन में भी बहुत मददगार होती हैं। बचपन में सुनी गईं कहानियों से बच्चे की कल्पनाशीलता बढ़ती है।

**ज्ञान में वृद्धि:** कहानियों के विषय चूंकि मानव, पशु-पक्षी, जीव-जंतुओं आदि से संबंधित होते हैं, सो कहानी सुनते समय बच्चे इनसे परिचित हो जाते हैं, जिससे उनके विविध विषयों के ज्ञान में वृद्धि तो होती ही है, बच्चों में विषयों को जानने की जिज्ञासा भी बढ़ती है। a

**(मनोवैज्ञानिक कीर्ति वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## बच्चों की ड्राय स्किन ऐसे बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग

एडवाइस

ललिता गोयल

सर्दी के मौसम में बच्चों की स्किन काफी ड्राय होने लगती है। ऐसे में उनकी स्किन को एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बदलते मौसम में बच्चों की स्किन की अगर सही देखभाल न की जाए, तो वो ड्राई और रफ होने लगती है। मौसम में बदलाव के कारण बच्चों के होंठ फटने लगते हैं, स्किन में ईचिंग होने लगती है। ऐसे में यहां बताए जा रहे उपायों पर गौर करना होगा।

**मॉयश्चराइजर लगाएं:** बच्चे को नहलाने के बाद उसकी स्किन को अच्छी तरह से पोंछने के बाद मॉयश्चराइजर लगाएं। सर्दियों में हवा में नमी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई हो सकती है। ऐसे में बच्चे की त्वचा को मॉयश्चराइज रखने के लिए अच्छे मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

**गुनगुने पानी का यूज करें:** कभी भी बच्चे को ज्यादा गर्म पानी से न नहलाएं। इससे बच्चे की स्किन का नेचुरल ऑयल कम हो सकता है। ऐसे में बच्चे के लिए हमेशा हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। गुनगुने पानी से नहलाने से एक तो बच्चे को ठंड नहीं लगेगी, वहीं साथ ही में उनकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।

**हीटर की गर्मी से करें बचाव:** अकसर लोग सर्दी के मौसम में ठंड से राहत दिलाने के लिए अपने बच्चे को नहलाकर हीटर के आगे बैठा देते हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए।



**हाइड्रेशन का ध्यान रखें:** बच्चे को ड्राई स्किन की प्रॉब्लम से बचाने के लिए उसे डिहाइड्रेट न होने दें। उसे पर्याप्त मात्रा में पानी और लिक्विड डाइट देती रहें।

**ऑयल मसाज करें:** नन्हे बच्चों की स्किन से ड्राईनेस को मिटाने के लिए, थोड़े-थोड़े समय के अंतर पर तेल से मालिश जरूर करें। इससे आपके बच्चे की स्किन से रूखापन खत्म हो जाएगा। साथ ही, बच्चे की हेल्थ भी अच्छी बनी रहेगी।

**माइल्ड साबुन का करें इस्तेमाल:** केमिकल्स बेस्ड साबुन का इस्तेमाल करने से बच्चों की स्किन हार्श और ड्राई हो सकती है। इसलिए बच्चे को गुनगुने पानी से स्नान कराएं और हल्का बेबी सोप या माइल्ड क्लींजर इस्तेमाल करें। नहलाते वक्त बच्चे की त्वचा पर सिर्फ एक बार ही साबुन लगाएं। बार-बार बच्चों की त्वचा पर साबुन रगड़ने से स्किन से नमी खत्म हो सकती है। नहलाने के बाद बच्चों की त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए बेबी लोशन या एलोवेरा जैल भी लगाएं।

**सनस्क्रीन लगाएं:** ज्यादातर पैरेंट्स अकसर यह गलती करते हैं कि वो धूप में बाहर ले जाते वक्त सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ऐसा करना बिल्कुल गलत है। धूप से सुरक्षा के लिए बच्चों की त्वचा पर सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी होता है। इससे बच्चे की स्किन पर ड्रायनेस नहीं आती है। a

**(बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन

डॉ. अशोक झिंगन
चेयरमैन-डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली

बदलती जीवनशैली, गलत खान-पान और कम फिजिकल एक्टिविटी के कारण डायबिटीज अब बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ल्ड डायबिटीज-डे (14 नवंबर) के अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं बच्चों में डायबिटीज होने के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## बच्चों को भी हो सकता है डायबिटीज

डब्ल्यूएचओ ने भारत को 'डायबिटीज कैपिटल' का दर्जा दिया है। डायबिटीज एक मेटाबॉलिक बीमारी है, जिसमें शरीर के पैंक्रियाज ग्लैंड में बनने वाला इंसुलिन हार्मोन या तो पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता या उसका असर कम हो जाता है। इंसुलिन भोजन से प्राप्त शुगर 'ग्लूकोज' को अवशोषित कर रक्त के जरिए शरीर के विभिन्न कोशिकाओं तक पहुंचाता है, जिससे सभी सेल्स सुचारू रूप से काम करते हैं और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह प्रक्रिया सामान्य रूप से नहीं चल पाती, तो रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। शुगर का बढ़ा हुआ स्तर लंबे समय तक बने रहने से व्यक्ति डायबिटीज का शिकार हो जाता है।



**टाइप-1 डायबिटीज:** यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे वायरल फीवर के बाद संक्रमण, खाने-पीने की चीजों में मौजूद टॉक्सिन या केमिकल, मौसम परिवर्तन, प्रदूषण आदि। इनमें से किसी भी कारण से पैंक्रियाज ग्लैंड की बीटा सेल्स के खिलाफ एंटीबॉडी बनने लगती हैं, जिससे इंसुलिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है या बंद हो जाती है। बढ़ी हुई ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए रोजाना प्रत्येक भोजन के बाद इंसुलिन लेना आवश्यक हो जाता है। अगर सही समय पर उचित उपचार मिले तो टाइप-1 डायबिटीज वाले बच्चे भी लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

**टाइप-2 डायबिटीज:** यह फिजिकल एक्टिविटी की कमी, गलत खान-पान, मोटापा और फैमिली हिस्ट्री के कारण होती है। इसमें शरीर में इंसुलिन कम बनता है या शरीर उसे सही तरह उपयोग नहीं कर पाता। इसमें नियमित व्यायाम और संतुलित आहार लेने की सलाह दी जाती है। सुधार न होने पर दवाइयां और इंसुलिन देना आवश्यक है।

**लक्षण:** बार-बार यूरीन आना खासकर रात में, अधिक प्यास लगना, जल्दी थक जाना, कमजोरी, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, देखने में दिक्कत, पढ़ाई में मन न लगना, मूड स्विंग्स, अचानक इंफेक्शन होना, विकास प्रभावित होना, लड़कियों में पीरियड्स का अनियमित होना।

**कारण:** डायबिटीज का जेनेटिक फैमिली बैकग्राउंड, गर्भावस्था में मां को जेस्टेशनल डायबिटीज के कारण नवजात शिशु का 3.5 किलोग्राम से अधिक होना, अधिक स्क्रीन टाइम और कम फिजिकल एक्टिविटी। मोटापा, जंक, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त पेय पदार्थों का अधिक सेवन करना। a



### बचाव के उपाय

डायबिटीज से अपने बच्चों को बचाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- बच्चों में हेल्दी ईटिंग हैबिट्स डालें।
- घर का बना संतुलित आहार दें और जंक फूड से दूर रखें।
- मीठा कम खाने को दें और नट्स, फ्रूट्स उनकी डाइट में शामिल करें।
- बच्चों के वजन और गतिविधि पर ध्यान रखें, ग्रोथ चार्ट मेंटेन करें।
- रोजाना कम से कम 60 मिनट फिजिकल एक्टिविटी के लिए बच्चे को प्रेरित करें।
- गर्भावस्था में महिलाओं को हेल्दी डाइट दें और नियमित चेकअप कराएं।
- अगर बच्चे को डायबिटीज है तो नियमित दवाएं और मॉनिटरिंग आवश्यक है।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### विशेष पिकनिक में बच्चों ने लिया आनंद



**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में सोमवार को एक विशेष पिकनिक का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य स्कूलों से आए छोटे बच्चों ने भाग लिया। इस पिकनिक में बच्चों ने खेल-खिलवाड़, आउटडोर एक्टिविटीज़ का आनंद लिया। बच्चों ने एक-दूसरे से मिलकर गतिविधियों में हिस्सा लिया। विद्यालय के शिक्षक ने बच्चों को इस तरह के आयोजनों के महत्व को बताया और उनके स्वस्थ विकास के लिए प्रेरित किया। पिकनिक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच दोस्ती और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था।

### नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई



**गोहाना।** सोमवार को राजकीय कालेज गोहाना व राजकीय कालेज बड़ौता में मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम हरियाणा पुलिस विभाग और ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। काउंसलर डा. सचिन पर्व ने प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को नशे से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नशे से बचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम मानसिक रूप से स्वस्थ हैं तो नशे जैसी घातक बीमारी से भी परिवार, समाज व देश का बचाव कर सकते हैं। एसीपी राहुल देव ने कहा कि युवा पीढ़ी इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रभाव का शिकार हो रही है।

### गांव आंवली में सड़क पर खड़ी कार चोरी

**गोहाना।** गांव आंवली के मनोज की खेत के पास सड़क पर खड़ी की गई कार चोरी कर ली गई। जब वह खेत में काम करके वापस आया तो कार नहीं मिली। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मनोज ने बताया कि वह रोहतक में रहता है और शनिवार को अपने गांव आया था। वह खेत में गया था। शाम साढ़े पांच बजे कार को रोड पर खड़ा किया और खेत में काम करने गया। चार घंटे बाद वापस आया तो कार नहीं मिली।

## एमडीयू के जोनल यूथ फेस्टिवल में लहराया परचम: 17 प्रथम सहित कुल 28 पुरस्कार जीते

# जीवीएम गर्ल्स कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

### ढ़ोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते विजेताओं का स्वागत किया, छात्राओं को अच्छे प्रदर्शन पर बधाई दी

**विजेताओं को बधाई दे उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) के जोनल यूथ फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया है। जीवीएम की छात्राओं ने 17 प्रथम सहित कुल 28 पुरस्कार जीत कर ओवरऑल ट्रॉफी जीती है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ढ़ोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए विजेताओं का स्वागत किया गया। सह-संयोजक प्राध्यापिका डा. प्रियंका ने बताया कि जोनल यूथ फेस्टिवल में जीवीएम की छात्राओं ने 17 स्पर्धाओं में प्रथम स्थान तथा तीन स्पर्धाओं में द्वितीय और आठ स्पर्धाओं में तृतीय स्थान हासिल किया है। जीवीएम की छात्राओं ने जोनल यूथ फेस्टिवल में 17 स्पर्धाओं में प्रथम, तीन में द्वितीय और आठ प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं ने कोरियोग्राफी, सिंग फोर पेरंट्स, हरियाणवी समूह गायन, कव्वाली, एकल नृत्य, हरियाणवी ग्रुप डांस, संस्कृत नाटिका, इलोकूशन अंग्रेजी, कवितापाठ अंग्रेजी, कवितापाठ पंजाबी, क्लासिकल डांस, क्लासिकल म्यूजिक वोकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट नॉन-पर्कूशन, फोटोग्राफी, रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग और कार्टूनिंग में जीवीएम की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर संयोजक प्राध्यापिका अर्चना खुराना, सह-संयोजक डा. प्रियंका व डा. मनीता और प्रभारी प्राध्यापिकाएं संगीता शर्मा, कमलेश चोपड़ा, रजनी कत्याल, रोजी चोपड़ा, रोहिणी मदान, डा. अनीता सैनी और डा. वंदना मलिक विशेष रूप से उपस्थित रही, जिन्होंने छात्राओं को उनके प्रदर्शन पर बधाई दी।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*



**गन्नौर।** कालेज प्राचार्य डा मनोज व स्टाफ के साथ खुशी मनाती उपविजेता टीम।

### जैन गर्ल्स कॉलेज द्वितीय

**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने युवा महोत्सव में कोरियोग्राफी श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। टीम के कोरियोग्राफर आशु टांक के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कड़ी मेहनत की। यह युवा महोत्सव 6 नवंबर को रोहतक में आयोजित हुआ था। प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा हमारी छात्राओं ने आत्मविश्वास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ इस मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। यह हमारे संस्थान के समग्र विकास व महिला-सशक्तिकरण के उद्देश्य को साकार करता है। आगामी प्रतियोगिताओं में पूरी टीम और भी बेहतर प्रयास करेगी तथा कालेज का नाम गौरवांवित करेगी। उन्होंने टीम इंचार्ज डा. सुमिता व कविता का भी आभार व्यक्त किया।

# श्लोकोच्चारण में काजल और मिमिक्री में दीपक रहे तृतीय

**» जोनल यूथ फेस्टिवल में दिखाई कला प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जोनल यूथ फस्टिवल में राजकीय महाविद्यालय बड़ौता के विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कालेज के छात्रों ने समारोह में 21 प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखा। रोहतक और सोनीपत जोन का युवा उत्सव 6 से 8 नवंबर तक रोहतक के पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में आयोजित हुआ। समारोह में 34 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते शिक्षकगण। *फोटो :हरिभूमि*

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया

युवा उत्स में राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में राजनीति शास्त्र की छात्रा काजल और मिमिक्री में बीए तृतीय वर्ष के छात्र दीपक तृतीय स्थान पर रहे। सोमवार को महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर ने की और संयोजन समिति प्रभारी डॉ. सरिता मलिक का रहा। सम्मान समारोह में डॉ. मीना देवी, डॉ. विजेंद्र दुग्गल, डॉ. शैलेश कलकल, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नेहा सपरा, लेफ्टिनेंट अनिल, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रदीप कुंडू, जयप्रकाश, डॉ. राजेश डावर, डॉ. मेहर सिंह, डॉ. अनुराधा मलिक, डॉ. निकिता गोयल, डॉ. ज्योति व राजकुमार उपस्थित रहे।



### अंधा युग नाटक का ऑनलाइन प्रसारण

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन तथा डॉ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हिंदी और अंग्रेजी विभाग द्वारा अंधा युग नाटक का ऑनलाइन नाट्य रूपांतरण स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया गया। यह नाटक महाभारत की कथा पर आधारित है। प्रसारण में कालेज के तीनों वर्षों से छात्र सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डॉ कीर्ति खत्री ने कहा कि आज के इस अशांत और भीषण माहौल में यह नाटक बहुत ही प्रासंगिक है। बदलते समय के साथ मनुष्य की बदलती इच्छाएं और आवश्यकता ही उसे अंत में युद्ध की स्थिति तक पहुंचा देती हैं। लेकिन युद्ध या लड़ाई का परिणाम कभी भी सुखद नहीं रहता। डॉ संगीता कुमारी, गीता शर्मा, डॉ रेखा तथा नीरा भी उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण कर्मियों में बढ़ा आक्रोश : मुकेश टांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बली सेना सोनीपत यूनियन का धरना रविवार को लगातार 40वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। कर्मचारियों की भूख हड़ताल को आज दसवां दिन हो गया, लेकिन शासन व प्रशासन की ओर से अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। धरने पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने के बावजूद प्रशासन मौन है। इससे सफाई कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 13 नवंबर से सभी हटाए गए कर्मचारी अमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। धरने में उपप्रधान रविंदर, सहसचिव अमित, माया, मुकेश करम, आरती, सुदेश, प्रीति, कश्मीरी, सुभाष सहित सभी साथी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया और प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की।



**सोनीपत।** नगर निगम के बाहर विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

# कर्मियों को हटाने के विरोध में किया प्रदर्शन

### युवाओं ने दी चेतावनी, ठेका प्रथा को तुरंत समाप्त करने की उठाई मांग

**» सीएम के नाम तहसीलदार कृति को ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बिजली विभाग में इंपिरियल प्राइवेट लिमिटेड के तहत कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में जिप संजय के नेतृत्व में रविवार को उपायुक्त कार्यालय पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन गढ़ी ब्राह्मण रोड से शुरू होकर हनुमान मंदिर होते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कृति को ज्ञापन सौंपा।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए युवा।

### कर्मचारियों को हटाना अन्यायपूर्ण

गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि ठेका प्रथा के तहत युवाओं का लगातार शोषण हो रहा है। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से जब चाहे कर्मचारियों को हटा देते हैं और जब चाहे रख लेते हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी पिछले दो वर्षों से कार्यरत थे, कई बार काम के दौरान चोट भी लगी, लेकिन विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी गई। अब ठेकेदार का ठेका अवधि पूरी होने का हवाला देकर कर्मचारियों को हटाना अन्यायपूर्ण है।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने युवाओं से वादा किया था कि सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा और ठेका प्रथा समाप्त होगी, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार ने अपने वादे से मुंह मोड़ लिया है। संजय बड़वासनिया ने मांग की कि हटाए गए सभी कर्मचारियों को हरियाणा कौशल निगम के तहत दोबारा कार्य पर लगाया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। इस अवसर पर दिनेश, श्याम, मनजीत, सविता, सुनील, दीपक, सुरेंद्र, रामवीर, राजेश, योगेश, सुरेश, कर्मवीर, जगविंदर, सतवीर, प्रदीप, सतीश, सुदेश आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** कन्हाई लाल दत्त के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

### कन्हाईलाल दत्त को किया नमन

**गोहाना।** सोमवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक पर कन्हाईलाल दत्त के 117वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने कन्हाई लाल दत्त के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने कहा कन्हाई लाल दत्त भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रांतिकारी थे। वह युगांतर दल से जुड़े थे और बंगाल के क्रांतिकारी आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। 1908 में बम फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद अंग्रेजी सरकार ने कई क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया जिनमें कन्हाई लाल दत्त भी शामिल थे। 10 नवंबर 1908 को कोलकाता में वे देश के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे से झूल गए थे। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कन्हाई लाल दत्त भारतीय युवाओं के लिए स्वतंत्रता, निडरता और आदर्श बलिदान की प्रेरणा है।

### गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने की बैठक

**गोहाना।** सोमवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शाखा गोहाना के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह नरवाल ने की। संचालन संगठन के राज्य प्रैस सचिव व शाखा गोहाना के सचिव अनिल मलिक ने किया। बैठक को संगठन के राज्य प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा, राज्य महासचिव संदल सिंह राणा व राज्य कोषाध्यक्ष श्री भगवान अहलावत ने संबोधित किया। अध्यक्ष ईश्वर सिंह शर्मा ने कहा कि सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म अपॉइंटी व अन्य सोर्स के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी की जॉब सुरक्षा गारंटी दे।



**गन्नौर।** प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के साथ भाविप पदाधिकारी।

### नवज्योति शिक्षा सदन के निशांत व दिनेश प्रथम

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लाक स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया। छठी से आठवीं कक्षा तक कनिष्ठ वर्ग तथा नौवीं से 12वीं तक वरिष्ठ वर्ग बनाया गया। प्रतियोगिता में 11 विद्यालय ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में नवज्योति शिक्षा सदन के विद्यार्थी निशांत व दिनेश ने प्रथम तथा पल्लवी व विन्नी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में भी नवज्योति स्कूल अंश व दक्ष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विजेता टीम को बधाई दी। हरियाणा मध्य प्रांत से आए सुरेश रावल की देखरेख में प्रतियोगिमा संपन्न हुई। मुकेश, सचिव विकास भगवती, नरेंद्र पतंजलि, भावना जग्या मौजूद रहे।

# विधायक ने गांव सेहरी में स्कूल के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने सेहरी गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया और इसके लिए औरौं को प्रेरित किया। विधायक ने बतौर मुख्य अतिथि स्कूल बिल्डिंग का उद्घाटन रिबन काटकर व शिलापट्ट का अनावरण करके किया। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख रुपए की लागत से दो मंजिला विद्यालय इमारत बनाई गई है। जिसमें कुल 7 कमरे हैं। प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों का भी नवीनीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को दादा कुशाल सिंह दहिया का राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई में प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस मनाया जा रहा है। इसलिए इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान को नमन करें। इस मौके पर आयोजित शिविर में पचास व्यक्तियों ने किया रक्तदान। विद्यालय परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।



**खरखौदा।** नवनिर्मित स्कूल भवन का उद्घाटन करते विधायक। *फोटो :हरिभूमि*

**कार्यक्रम** तंबाकू के सेवन से भारत में प्रति वर्ष 13 लाख से अधिक लोगों की मौत

*विद्यार्थियों ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान के निकाली जागरुकता रैली*

# फार्मेसी के विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर दिया तंबाकू से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कामी रोड के विद्यार्थियों ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को जन जागरूकता रैली निकाली। इस जन जागरूकता रैली का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन व पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्रिंसिपल डा. सुनीता ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कैंपस से कामी गांव के लिए रवाना किया। इस मौके पर डॉ. विजयपाल नैन ने कहा कि तंबाकू का सेवन एक बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जिससे भारत में प्रति वर्ष 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है।




पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकलते हुए।

### ये रहे मौजूद

सबसे अधिक युवा इसकी चपेट में हैं। हमें जागरूक होकर इसे समाप्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार,फार्मेसी की प्राध्यापिका सुमिता, नीलम सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# खाद की कमी पर जताई नाराजगी

**» जाट धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक सोमवार को खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान बलजीत मलिक ने की। बैठक में किसानों ने क्षेत्र की कई गंभीर समस्याओं को उठाते प्रशासन सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष जयभगवान ने कहा कि इस बार खाद की भारी किल्लत से किसान बेहद परेशान हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समय उपलब्ध नहीं हो रही। मांग की कि खाद वितरण की समुचित व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए।



बैठक में उपस्थित किसान नेताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक।

### फसल की जरूरत पूरी नहीं हो रही

किसानों ने बताया कि लल्हेड़ी से गन्नौर जाने वाला रोड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसी तरह खेड़ी गांव और खेड़ी गुर्जर के रास्ते की हालत भी बेहद खराब है। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इन सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए ताकि आवागमन सुचारू हो सके। आवारा पशुओं की समस्या पर भी किसानों ने चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस दिशा में सख्त कदम उठाए और नियंत्रण के लिए ठोस व्यवस्था करे। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ केवल तीन कट्टे खाद दिए जा रहे हैं, जबकि इतनी मात्रा से फसल की जरूरत पूरी नहीं हो पाती। इसलिए प्रति किला कम से कम पांच कट्टे खाद उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 24 नवंबर को चौधरी छोटूराम जी की जयंती के अवसर पर सभी किसान जाट धर्मशाला में एकत्र होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बैठक में सुलतान, सत्यवान, वेद प्रकाश, ओमप्रकाश, जगबीर, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### मिक्स केटेगरी में गोल्ड, गर्ल्स कैटेगरी में सिल्वर पदक जीता

# जूनियर नेशनल डोजबॉल चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट की दिव्या की दोहरी चमक

### अहमदाबाद स्थित आई.जे. यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल की नौवीं कक्षा के मैरिगोल्ड सेक्शन की छात्रा दिव्या ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जूनियर नेशनल डोजबॉल चैंपियनशिप में दोहरी सफलता हासिल की है। दिव्या ने मिक्स कैटेगरी में गोल्ड मेडल और गर्ल्स कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतकर साउथ पॉइंट संस्थान व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेता को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि यह प्रतियोगिता 01 से 03 नवंबर तक गुजरात के अहमदाबाद स्थित आई.जे. यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। साउथ पॉइंट स्कूल में नौवीं कक्षा के मैरिगोल्ड सेक्शन की छात्रा दिव्या ने अंडर-19 आयु वर्ग में दोहरी सफलता हासिल करते हुए अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी। पदक विजेता छात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उसके समर्पण की सराहना की गई। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि दिव्या की यह दोहरी सफलता इस बात का प्रमाण है कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि दिव्या की मेहनत और आत्मविश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाती दिव्या।

## एथलेटिक्स में चमके ज्ञान गंगा ग्लोबल के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के एथलीटों ने राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं (अंडर-11) में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के दौरान पांचवीं कक्षा के छात्र युग ने अंडर-11 आयु वर्ग के 400 मीटर रेस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी प्राचार्या गीता चोपड़ा व पीटीआई राखी के साथ।

## हरियाणा स्टेट ओलंपिक नेटबॉल में विधि व पलक ने जीते 4 स्वर्ण व 2 रजत पदक

खरखौदा। राई में आयोजित हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स में प्रताप स्कूल की प्रतिभावान खिलाड़ी विधि दहिया एवं पलक दहिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीत कर प्रदेश व विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों ने पारंपरिक नेटबॉल में स्वर्ण पदक फास्ट फाइव नेटबॉल में स्वर्ण पदक मिक्स्ड नेटबॉल में रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्रबंधन समिति अध्यक्ष वेदप्रकाश दहिया, कोषाध्यक्ष सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया उपस्थित रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विधि दो बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। जबकि पलक एक बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन चुकी हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा विधि और पलक ने यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य ऊँचा हो और मेहनत निरंतर हो तो सफलता सुनिश्चित है। ज्ञात रहे कि पलक दहिया को मिरांडा हाउस कॉलेज, दिल्ली व विधि दहिया को महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली में स्पोर्ट्स कोटे से प्रवेश मिला है।



सोनीपत। पलक व विधि के फाइल फोटो

### विधायक ने नारियल तोड़कर की शुरुआत

## राई–चौहान जोशी से मुरथल रोड चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ


राई। विधायक कृष्णा गहलावत सड़क के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को चौहान जोशी से मुरथल वाया कुमासपुर, नागल खुर्द रोड के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया। विधायक कृष्णा गहलावत का पहुंचने पर मास्टर सत्यनारायण, जेपी रेवली, संजय चेयरमैन झुंडपुर आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राई विधानसभा में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने से न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि व्यापार और कृषि गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क मुरथल, कुमासपुर, नागल खुर्द सहित कई गांवों को आपस में जोड़ेगी, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा की यात्रा, कृषि उत्पादों की आवाजाही और विद्यार्थियों के आवागमन में काफी सुविधा होगी। मास्टर सत्यनारायण, जेपी रेवली, संजय चेयरमैन झुंडपुर, रामकुमार सरपंच दीपालपुर चौहान जोशी सरपंच रिंकू बहादुर सरपंच खेवड़ा रामवीर राज सिंह काला मुकीमपुर जय भगवान मुकीमपुर नरेंद्र खेवड़ा सुखबीर जोगिंदर ढीला खेवड़ा हरिया आदि उपस्थित थे ।

### दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस समारोह में परिवार सहित पहुंचे

विधायक कृष्णा गहलावत ने आगामी 14 नवंबर को राई स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले महाबलीदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस समारोह का निमंत्रण दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दादा कुशहाल सिंह दहिया ने औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक के सामने सिर न झुकाकर अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे 14 नवंबर को परिवार सहित राजीव गांधी विश्वविद्यालय में पहुंचें।

## कुशल बिज़नेस चैलेंज 2.0 का आयोजन

- खंड स्तरीय प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों का चयन जिला स्तर के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। कुशल बिजनेस चैलेंज के प्रतिभागी विद्यार्थी।

कुशल बिज़नेस चैलेंज 2.0 का खंड स्तरीय आयोजन बी.आर.सी. हॉल, खरखौदा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन द्वारा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, आत्मविश्वास और उद्यमिता की दिशा में अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में खंड के प्रत्येक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की शीर्ष टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने अपने व्यावसायिक विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण, नवीनता और व्यवहारिकता के आधार पर मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में आईटीआई खरखौदा से प्रदीप कुमार व श्री आशीष कुमार, अजीत इंडस्ट्रीज के प्लांट हेड वर्धन शर्मा तथा खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय से किरण डारोलिया रहे। प्रतियोगिता में शीर्ष पाँच टीमों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.आर.सी. खरखौदा टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी तथा बीआरसी कार्यालय से समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ।

### विज्ञान प्रदर्शन में छाए शौर्य, अंशुमन और अनुज

सोनीपत। एसएम हिंदू स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 (कनिष्ठ वर्ग) और कक्षा 9 से 12 (वरिष्ठ वर्ग) की दो श्रेणियां रखी गई। इस प्रतियोगिता में 16 स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान एवं नवाचार के शानदार प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कनिष्ठ वर्ग में सातवीं कक्षा के छात्रों शौर्य और अंशुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं वरिष्ठ वर्ग में 12वीं कक्षा के छात्रों अनुज और अंशुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की। कनिष्ठ वर्ग में इन छात्रों का मार्गदर्शन मोनिका मलिक और प्रीति गर्ग ने किया तथा वरिष्ठ वर्ग में विनीता गुप्ता और सविता ढींगरा छात्रों के मार्गदर्शक रहे। विद्यालय की प्राचार्या हेमा चतुर्वेदी एवं अन्य गणमान्य शिक्षकों ने विजेता छात्रों को बधाई दी।

## विकास कार्यों मे लाएं तेजी : पुनीत राई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- विकास कार्यों का निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई ने निरीक्षण किया

नगर के वार्ड नंबर आठ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई ने निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान ठेकेदारों को बुलाकर कार्य की प्रगति की जांच कर कहा है कि जो निर्माण कार्य संपूर्ण हो चुके हैं, वहां पर पार्क की साफ-सफाई, कम्युनिटी सेंटर पर शेड निर्माण, तथा पत्थर और रंग-पेंट का कार्य जल्द से जल्द उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान गलियों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहां गलियों में नालियों पर लगी स्लैब्स रुकावट पैदा कर रही हैं, उन्हें हटाकर नई स्लैब्स लगाई जाएं ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके।


राई। निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई को निरीक्षण के दौरान समस्या बताती वार्ड की महिलाएं ।

### रिठधना रोड का निर्माण जल्द पूरा करें

पुनीत राई ने नालियों पर जाल लगाने का भी निर्देश दिया गया, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सकें। राई से राठधना रोड का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कहा की विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।इस अवसर पर सचिन नंबरदार, सुनील त्यागी, बिंदर कौशिक, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, मनोज त्यागी, संदीप त्यागी, सतीश वाल्मीकि, यशपाल त्यागी, सुरेश त्यागी, शिवचरण त्यागी, सतीश कौशिक और भारत ढाका सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सेफ इंडिया फाउंडेशन ने पीएम को लिखा पत्र

सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन, सोनीपत के अध्यक्ष संजय सिंगला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला पत्र लिखकर देशभर में "खून के धंधे" को बंद कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जब कोई व्यक्ति मानवता और सेवा की भावना से रक्तदान करता है, तो उसका उद्देश्य किसी की जान बचाना होता है, न कि उसका खून किसी व्यापार का साधन बने। रक्तदान एक पवित्र दान है, जिस पर किसी भी प्रकार का शुल्क या टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए। संजय सिंगला ने पत्र में उल्लेख किया है कि सरकारी ब्लड बैंक प्रति यूनिट लगभग 1050 और निजी ब्लड बैंक 1450 या उससे अधिक राशि "प्रोसेसिंग फीस" के नाम पर वसूलते हैं। कई अस्पताल तो इससे भी अधिक शुल्क लेते हैं, जिससे जरूरतमंद मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और रक्तदाताओं की भावना आहत होती है। फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि देशभर में ऐसा कानून बनाया जाए जिससे किसी भी संस्था को रक्तदान पर शुल्क लेने की अनुमति न हो। साथ ही एक यूनिट रक्त से प्राप्त प्लाज्मा, प्लेटलेट्स आदि पर अलग-अलग शुल्क न लिया जाए और सभी ब्लड बैंकों में किसी भी संस्था का डोनर कार्ड मान्य हो। फाउंडेशन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मुहिम से जुड़कर इसे जन आंदोलन का रूप दें, ताकि रक्तदान की भावना और मानवता का सम्मान सुरक्षित रह सके।

## 'आर्य समाज अमर रहे' से गूंजा शहर

### विभिन्न क्षेत्रों में निकाली प्रभातफेरी, काठ मंडी में आर्यों का जमघट आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज अमर रहे, वेद की ज्योति जलती रहे, ओम् का झंडा ऊंचा रहे, भारत माता की जय, महर्षि दयानन्द सरस्वती की जय के गगनभेदी नारों से सोमवार को शहर गूंज उठा। शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकाली और लोगों को आज से शुरू हो रहे अथर्ववेद महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया।


सोनीपत। प्रभात फेरी निकालते हुए आर्य समाज के पदाधिकारी एवं अन्य।

### प्रभात फेरी में बच्चों की दो टीम शामिल

प्रभात फेरी को आर्य समाज के मंत्री कपिल देव, पूर्व कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम दास, प्राचार्य नरेन्द्र सिंह ने ओम् ध्वज के साथ रवाना किया। प्रभात फेरी में शामिल बच्चों की दो टीम काठ मंडी से शुरू होकर गुड़ मंडी, मिशन रोड, टीकाराम रोड, वैस्ट रामनगर, आर्य नगर, सुभाष नगर, देव नगर, ककरोई रोड, प्रभु नगर, भरतपुरी, माडल टाउन, एटलस रोड, रेलवे रोड आदि क्षेत्र से होकर गुजरी।

### अथर्ववेद महायज्ञ की तैयारियां पूरी

शिक्षक व बच्चे अपने हाथों में ओम के झंडे लिए हुए थे। बच्चों में आर्य समाज के उत्सव को लेकर उत्साह अलग से दिखाई दे रहा था। आर्य समाज के मंत्री कपिल देव ने बताया कि अथर्ववेद महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर बबीता रानी, रजवंत कौर, संतोष शर्मा, सोनिया, जसबीर सरोहा आदि मौजूद रहे।

### वेतन मांग को लेकर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

गोहाना। कर्मचारी संघर्ष समिति ने 4 माह के लंबित वेतन भुगतान व स्थायी समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से पत्र लिखकर अपील की है। अगस्त महीने से वेतन न मिलने से विश्वविद्यालय के स्कूल, शिक्षण विभागों, आयुर्वेद संस्थान तथा रीजनल केंद्रों में कार्यरत शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी आर्थिक संकट झेल रहे हैं। कर्मचारी संघर्ष समिति सचिव डॉ. सुमन ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन निरन्तर आश्वासन दे रहा है कि सभी को वेतन जल्दी ही मिलेगा, लेकिन अब तक कोई आश्वासन फलीभूत नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारी वेतन मांग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से कई बार अपील कर रहे हैं।


गोहाना। पुलिस कर्मचारियों के कार्य की जांच करते हुए डीसीपी भारती डबास।

### परेड पुलिस बल की कार्यकुशलता और एकजुटता का प्रतीक : डीसीपी

गोहाना। सोमवार को पुलिस द्वारा गोहाना में सामान्य परेड का आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण डीसीपी भारती डबास ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की ड्रेस, अनुशासन, शारीरिक फिटनेस एवं परेड की तैयारियों का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, समय व अनुशासन का पालन करने के निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि परेड पुलिस बल की कार्यकुशलता और एकजुटता का प्रतीक है। डीसीपी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी व सजगता से निभाना चाहिए। इससे आमजन में पुलिस की छवि और अधिक सुदृढ़ होगी। इस मौके पर गोहाना के सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव व मोहाना के सहायक पुलिस आयुक्त देवेंद्र कुमार रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**सुधार** सेक्टर 14 व वार्ड नंबर 20 के प्रगति नगर में होंगे निर्माण

### गलियों को सीसी से पक्का करने का काम शुरू, क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी

# विधायक और मेयर ने किया 2.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वार्ड नं 3 के सेक्टर 14 में सोमवार को नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र मदान और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

### सीवरेज की समस्या होगी दूर

विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 14 में बरसाती पानी की निकासी के लिए कुछ समय पूर्व हुड्डा पार्क के सामने वाली गली और अन्य ब्रांच गलियों में स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई गई थी, उसके उपरांत गलियों की हालत जर्जर हो गई थी, ये गलियां इंटरलॉकिंग टाइलों से बनी हुई थी। आज स्थानीय निवासियों की मांग पर इन सभी गलियों को सीसी से पक्का करने का काम शुरू किया गया है। इस कार्य को 1 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इसके उपरांत विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नंबर 20 के प्रगति नगर में पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस लाइन के पीछे प्रगति नगर की गली में नई सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। मेयर राजीव जैन ने बताया कि पुलिस लाइन के पीछे वाली गली में पुरानी सीवरेज लाइन पूरी तरह से अवरुद्ध होने और निकासी ना होने के कारण गली में दूषित जल भराव की समस्या विकट हो चुकी है। गली में सीवरेज का दूषित पानी खड़ा रहता है ,आज इस गली में सीवरेज की समस्या को दूर करने के लिए नई सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य को लगभग 75 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, अमन डूडेजा, सागर चोपड़ा, अमित सुखीजा, पवन तनेजा, वासुदेव सुखीजा, राजेश प्रभाकर, संदीप, कपिल, कमल मल्होत्रा, एमएल आहूजा, सतेंद्र राठी, संजय अरोड़ा, नरेश वर्मा, यश गंभीर, सौरभ संदूजा, दिनेश सुरा, कुलदीप सुरा, रामफल चहल, सन्नी मलिक, सतबीर, रविंद्र लाकड़ा आदि लोग मौजूद रहे।